16.03.2018
रायगढ़, शुक्रवार, चैत्रकृष्ण 14
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराए, सभी सम्मानीय पाठकों को चैत्र नवरात्र की ढेर सारी की बधाईयाँ। // कृते सम्पादक //

अंतर्राष्ट्रीय खबरें

अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन पर अमेरिका ने की भारत की प्रशंसा

वॉशिंगटन (**आरएनएस**)। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की शुरुआत और स्थापना में भारत के प्रयासों की लिए अमेरिका ने उसकी प्रशंसा की है और भविष्य में साथ काम करने की इच्छा जताई है. आईएसए 121 ऐसे देशों के बीच संधि आधारित अंतर-सरकारी गठबंधन है, जहां अच्छी धूप खिलती है. इसमें शामिल ज्यादातर देश उष्णकटिबंधीय प्रदेश में कर्क और मकर रेखा के बीच स्थित हैं. इन देशों द्वारा सौर ऊर्जा को अपनाए जाने से जीवाश्म ईंधन का प्रयोग कम होने और जलवायु परिवर्तन से प्रभावी तरीके से लड़ने में मदद मिलेगी.ईएसए के समझौते पर 60 देशों ने हस्ताक्षर किए नई दिल्ली में भारत और फ्रांस ने रविवार को औपचारिक रूप से संस्थापित आईएसए के समझौते पर 60 देशों ने हस्ताक्षर किए है. आईएसए के समारोह में 23 देशों के प्रमुखों ने भाग लिया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भारत को दी बधाई मिली जानकारी के अनुसार, अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''हम आईएसए के संस्थापन समारोह पर उसे बधाई देते हैं. हम इस संगठन की शुरुआत और स्थापना के प्रयासों और इसके संस्थापक सदस्यों को इस सप्ताह की समाप्ति पर साथ लाने के लिए भारत सरकार को बधाई देते हैं.''भविष्य में भारत के साथ काम करने की जताई इच्छा सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने विकासशील देशों को सौर ऊर्जा परियोजनाएं लगाने के लिए 86.2 करोड़ डॉलर के अतिरिक्त राशि की घोषणा की. प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका आईएसए के लक्ष्यों की प्रशंसा करता है और भविष्य में उनके साथ काम करने को इच्छुक है.

ट्रंप और किम की मुलाकात तभी होगी, जब उत्तर कोरिया वादे पूरे करेगा

वॉशिंगटन ,(**आरएनएस**)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के बीच निर्धारित बैठक उसी सूरत में होगी, जब प्योंगयांग परमाणु और मिसाइल परीक्षण सहित अपने अन्य वादे पूरे करेगा। वाइट हाउस की प्रेस सचिव सारा सैंडर्स ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में उक्त बात कही। पिछले सप्ताह देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के नेतृत्व में आए दक्षिण कोरियाई शिष्टमंडल ने ट्रंप को बताया था कि किम जोंग-उन उनसे मिलना चाहते हैं। मौखिक रूप से दिये गए इस न्योते को ट्रंप ने स्वीकार कर लिया। दोनों देशों के इस फैसले ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था। सारा ने कहा, हमें पूरी आशा है कि यह (मुलाकात) होगी। पेशकश हुई और उसे स्वीकार किया गया। उत्तर कोरिया ने कई वादे किए हैं और हम आशा करते हैं कि वह उन वादों को पूरा करेंगे, यदि ऐसा होता है कि बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। इस बीच, ट्रंप प्रशासन विभिन्न स्तरों पर बैठकों की तैयारी कर रहा है। दोनों नेताओं के बीच होने वाली बैठक से संबंधित विभिन्न सवालों के जवाब में सारा ने कहा, इसका ज्यादातर हिस्सा अंतर-प्रशासनिक, अंतर-एजेंसी प्रक्रिया है और मैं आज इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दूंगी कि कहां, कब, और क्या। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया पर अधिकतम दबाव अभियान काम कर रहा है। इस बीच, न्यू यॉर्क में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचआर मैकमास्टर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत निक्की हेली ने उत्तर कोरिया से जुड़ी स्थिति से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अवगत कराया।

रूस है दुनिया में अस्थिरता फैलाने वाली गैरजिम्मेदार ताकत

वॉशिंगटन (**आरएनएस**)। अमेरिकी विदेश मंत्री रेक्स टिलरसन ने मंगलवार को रूस को दुनिया में अस्थिरता फैलाने वाली एक गैरजिम्मेदार ताकत बताया और ब्रिटेन में पूर्व जासूस और उसकी बेटी पर जहर से हमला करने में कथित संलिप्तता पर उसकी आलोचना की। रूस के पूर्व जासूस सर्गई स्क्रिपल (66) और बेटी यूलिया (33) को पिछले हफ्ते जहर दिया गया था। इसी पदार्थ की चपेट में एक पुलिसकर्मी भी आ गया था। तीनों की हालत गंभीर है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री टरीजा मे ने सोमवार को कहा था कि इस बात की प्रबल संभावना है कि स्क्रिपल पर जहर से हमला करने के पीछे रूस हो सकता है। उसने ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी के लिए काम किया था। रूस ने इन आरोपों का खंडन किया है।टिलरसन ने कहा अमेरिका ब्रिटेन के साथ एकजुटता से खड़ा रहेगा और हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया का समन्वय करेगा। उन्होंने एक बयान में कहा, हमें ब्रिटेन की जांच और उसके इस आकलन पर पूरा यकीन है कि पिछले हफ्ते सोल्सब्री में जहर से किए गए हमले के पीछे रूस हो सकता है। टिलरसन ने कहा कि ऐसे हमले का कोई स्पष्टीकरण नहीं हो सकता है। यह एक संप्रभु राष्ट्र की जमीन पर एक नागरिक की हत्या की कोशिश है। अमेरिका इस बात को लेकर स्तब्ध है कि रूस एक बार फिर से ऐसे व्यवहार में शामिल होता प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से लेकर सीरिया और अब ब्रिटेन तक रूस खुले तौर पर अन्य राष्ट्रों की संप्रभुता और उनके नागरिकों की जिंदगियों का अनादर कर रहा है।

हाफिज की राजनीतिक एंट्री पक्की

लाहौर (**आरएनएस**)। पाकिस्तान भले ही हाफिज सईद पर कार्रवाई करने का दावा करता रहा हो, लेकिन सईद को लेकर पाकिस्तान में जो माहौल बन रहा है, जो बातें सामने आ रही हैं, उससे तो यही लगता है कि हाफिज पर कोई रोक नहीं है। मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड हाफिज, अब राजनीति में प्रवेश करने जा रहा है, जो भारत समेत दुनियाभर के लिए चिंता का विषय है। हाफिज को लेकर पाकिस्तान हमेशा से ही नरमी बरतता आ रहा है। इसी नरमी का नतीजा है कि हाफिज अब मिल्ली मुस्लिम लीग नाम की पार्टी बनाकर राजनीति में एंट्री कर रहा है। पार्टी ने आज कहा कि वह 23 मार्च को लाहौर में अपना घोषणापत्र जारी करेगी। पार्टी का यह फैसला इस्लामाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले के बाद आया है, जिसमें उसने हाफिज की राजनीतिक एंट्री के रास्ते साफ कर दिए थे। हाफिज पर नहीं कोई ऐक्शन हाफिज की चल-अचल संपत्ति को सील किए जाने और जमात-उद-दावा समेत फलाह-ई-इंसानियत फाउंडेशन को पाकिस्तानी सरकार द्वारा अपने कब्जे में लेने के बाद से हाफिज की गतिविधियां कम हो गई थी, लेकिन अब हाफिज अपने पूरे दमखम के साथ वापसी कर रहा है। पिछले हफ्ते इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वह सईद की पार्टी द्वारा पंजीकरण कराने के लिए दायर की गई याचिका को बिना सुने रिजेक्ट न करे। अब चुनाव आयोग आने वाले दिनों में मिल्ली मुस्लिम लीग की याचिका को सुनने के बाद कोई फैसला लेगा। बता दें कि इससे पहले चुनाव आयोग ने हाफिज की पार्टी के पंजीकरण को आंतरिक विभाग के कहने पर रिजेक्ट कर दिया था। दलील दी गई थी कि मिली मुस्लिम लीग के आतंकी संगठनों के साथ लिंक हैं। आज जारी किए गए बयान में मिल्ली मुस्लिम लीग के अध्यक्ष सैफुल्लाह खालिद ने कहा कि अब पार्टी की रजिस्ट्रेशन का रास्ता पूरी तरह से साफ है। अब हम 23 मार्च को घोषणापत्र जारी करेंगे। कहीं महंगा तो नहीं पड़ेगा हाफिज को मौका गौरतलब है कि कोर्ट ने हाफिज सईद को एक मौका दिया है ताकि वह राजनीति के क्षेत्र में कुछ करके दिखा सके, लेकिन लग रहा है कि कोर्ट का यह फैसला पाकिस्तान समेत भारत पर भी भारी पड़ने वाला है। ताज्जुब की बात तो यह है कि भारत और अमेरिका जैसे अन्य देशों के दबाव के चलते पाकिस्तान ने कुछ समय पहले ही अपने एंटी टेररिज्म ऐक्ट में बदलाव किया था। इसके तहत पाकिस्तान को उन आतंकी संगठनों के बैंक अकाउंट और ऑफिस बंद करने थे जिन्हें यूएन सिक्योरिटी काउंसिल ने बैन किया है। इसमें हाफिज सईद के संगठन जमात-उद-दावा का भी नाम था, लेकिन अब जिस तरह से हाफिज खुलेआम पाकिस्तान में अपने ऑफिस का उपयोग कर रहा है, जाहिर है पाकिस्तान ने कहीं न कहीं झूठ बोला है। वहीं पाकिस्तान ने हाफिज को गिरफ्तार करने से भी मना कर दिया था।

उत्तर कोरियाई परमाणु एवं मिसाइल परीक्षण रोकने के एवज में संयुक्त सैन्याभ्यास बंद करें

पेइचिंग ,(**आरएनएस**)। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने आशा जताई है कि उत्तर कोरिया, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाली वार्ता बिना किसी बाधा के संपन्न होगी और प्योंगयांग के परमाणु निःशस्त्रीकरण की दिशा में प्रगति होगी। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, शी ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चुंग ईयू- यंग के साथ बैठक में यह टिप्पणी की। चुंग उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग- उन और अमेरिका के राष्ट्रपति डनल्ड ट्रंप के साथ पिछले सप्ताह हुई बातचीत से शी को अवगत कराने चीन आए हैं। उत्तर कोरिया के नेता किमजोंग उन अप्रैल के अंत में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे- इन से असैन्य जोन में मिलने को राजी हुए हैं जबकि ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात मई के अंत तक होने की संभावना है। शी ने कहा, हम आशा करते हैं कि डीपीआरके-आरओके सम्मेलन और डीपीआरके-यूएस वार्ता बिना किसी बाधा वाली होगी। उत्तर कोरिया का पूरा नाम कोरिया जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (डीपीआरके) और दक्षिण कोरिया का औपचारिक नाम कोरिया गणराज्य (आरओके) है। शी ने आशा जताई कि वार्ता से कोरियाई प्रायद्वीप के निःशस्त्रीकरण और इसमें शामिल देशों के संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में ठोस प्रगति होगी। चीन ने इस संबंध में डुअल ट्रैक की बात की है जिसमें परमाणु निःशस्त्रीकरण के साथ-साथ शांति प्रक्रिया स्थापित की जाए। चीन ने सस्पेंशन-फॉर-सस्पेंशन योजना की बात है, जिसमें उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु और मिसाइल परीक्षण रोके जाने के एवज में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान अपने संयुक्त सैन्याभ्यासों को बंद करेंगे।

ब्रिटेन में पूर्व जासूस पर हमले में रूस का हाथ

लंदन (**आरएनएस**)। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने रूस के पूर्व जासूस को जहर देने के मामले में रूस के जिम्मेदार होने की बहुत अधिक संभावना है। रूस के पूर्व जासूस पर पिछले सप्ताह दक्षिण इंग्लैंड में उनके घर के पास नर्व एजेंट से हमला किया गया था। थेरेसा ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सर्गेइ स्क्रिपल और उनकी बेटी को सैन्य ग्रेड का जहर दिया गया था, जो रूस द्वारा निर्मित था। न्यूयॉर्क टाइम्स ने थेरेसा के हवाले से बताया कि सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि सर्गेइ और उनकी बेटी युलिया पर हमले के लिए रूस के जिम्मेदार होने की अधिक संभावना है। हालांकि, सोमवार को रूस के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दमित्रि पेस्कोव ने पूर्व जासूस पर हमले में रूस की भागीदारी से इनकार किया। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा कि थेरेसा मे का बयान ब्रिटेन की संसद में सर्किस के कार्यक्रम की तरह था।



सोशल मीडिया पर छाई मोदी से गले मिलते मैक्रों की मुस्कान

नईदिल्ली ,(**आरएनएस**)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों अपनी पत्नी के साथ तीन दिन के दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंचे, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए खुद एयरपोर्ट जाकर उन्हें रिसीव किया. प्रधानमन्त्री मोदी और फ़्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों की ये मुलाक़ात इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चे में हैं. दरअसल मोदी और मैक्रों की एक तस्वीर, जिसमें दोनों गर्मजोशी से गले मिल रहे हैं, सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में बनी हुई है. ज्यादातर कैमरे की तरफ रुख रखने वाले मोदी इस तस्वीर में कैमरे के शटर को देखने में असफल रहे वहीं मैक्रों की गुजब मुस्कराहट कैमरे में कैद हुई. तस्वीर को लेकर ट्वीटर पर तरह तरह ट्वीट्स नज़र आ रहे हैं. बता दें कि भारत के दौरे पर आए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को भारत की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी की सैर की. प्रधानमंत्री मोदी के साथ मैक्रों सुबह करीब 10 बजे वाराणसी पहुंच गए, साथ में स्वागत के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वहां मौजूद थे. बाद में मिर्जापुर जिले में छानवे ब्लॉक स्थित दादर कलां के लिए रवाना होकर मोदी और मैक्रों ने उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया. प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने बटन दबाकर 75 मेगावॉट उत्पादन क्षमता वाले इस सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया. विंध्य की पहाड़ियों में बसे दादर कलां गांव के 380 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैले इस विशाल संयंत्र में करीब 1 लाख 19 हजार सौर पैनल लगे हैं. इसका निर्माण फ्रांस की कम्पनी 'एनगी' द्वारा करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है.

रैली के दौरान इमरान खान पर फेंका गया जूता

लाहौर,(**आरएनएस**)। पंजाब प्रांत के गुजरात शहर में एक रैली के दौरान पाकिस्तानी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान पर एक जूता फेंका गया. डॉन समाचार पत्र ने खबर दी है कि इमरान खान एक वाहन पर चढ़ कर लोगों को संबोधित कर रहे थे. उसी समय एक जूता फेंका गया और पीटीआई नेता अलीम खान को जा लगा. वह इमरान खान के ठीक दाहिने तरफ खड़े थे. भीड़ ने हमलावर पर काबू पा लिया. इस घटना के तुरंत बाद इमरान ने अपना भाषण बंद कर दिया. पाकिस्तान में एक सप्ताह के भीतर नेताओं पर जूता फेंकने की ऐसी यह तीसरी घटना है. रविवार को शरीफ पर फेंका गया था जूता बता दें पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर रविवार (11 मार्च) को लाहौर में एक इस्लामी शिक्षण संस्थान के छात्र ने जूता फेंक दिया. इससे एक एक दिन पहले ही पाकिस्तान के विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ के चेहरे पर एक धार्मिक चरमपंथी ने स्याही पोत दी थी. शरीफ लाहौर के एक इस्लामी शिक्षण संस्थान में में मुख्य अतिथि थे. वह जब भाषण देने के लिए मंच की ओर बढ़ रहे थे, एक छात्र ने उन पर जूता फेंका जो उनके कंधे और कान पर लगा. यह छात्र मंच पर चढ़ गया और मुमताज कादरी की तारीफ करते हुए नारेबाजी करने लगा. मुमताज कादरी ने पंजाब प्रांत के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की हत्या की थी. मौके पर मौजूद लोगों ने छात्र और उसके एक अन्य सहयोगी को पकड़ लिया. सुरक्षाकर्मियों ने दोनों की पिटायी भी की.

कांग्रेस ने शुरू की 2019 में सत्ता पर कब्जा करने की तैयारी

नई दिल्ली (**आरएनएस**)। 2019 के आम चुनाव से पहले बीजेपी के खिलाफ व्यापक मोर्चा बनाने की चर्चा के बीच यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक मास्टर प्लान के तहत एक डिनर पार्टी का आयोजन करने जा रही हैं। इस डिनर पार्टी का मुख्य लक्ष्य हैं केन्द्र की सत्ताधारी मोदी सरकार 2019 के आम चुनावों में पटखनी देना इस पार्टी में 17 विपक्षी दलों के नेताओं के शामिल होने के संभावना है। जानकारी के अनुसार सोनिया गांधी की इस मास्टर प्लान दिनर पार्टी आंध्र प्रदेश की सत्तारुढ़ तेलुगू देशम पार्टी(तेदेपा), बीजेडी और टीआरएस के नेताओं को निर्मंत्रित नहीं किया गया है। टीडीपी ने हाल ही में अपने मंत्रियों को नरेंद्र मोदी सरकार से हटा लिया है लेकिन वह एनडीए का घटक बनी हुई है। बीजेडी और टीआरएस का ओड़िशा और तेलंगाना में सरकार है। उल्लेख्खनिय है कि झारखंड के विकास मोर्चा के नेता बाबूलाल मरांडी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी बैठक में पहुंचेंगे। मांझी ने हाल ही में एनडीए का साथ छोड़कर लालू प्रसाद के आरजेडी के साथ हाथ मिला लिया। लालू प्रसाद के बेटे और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के इसमें पहुंचने की संभावना है, तृणमूल के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रमुक की कनिमोई, सपा के रामगोपाल यादव, माकपा के सीताराम येचुरी, भाकपा के डी राजा, जेडीएस, केरल कांग्रेस, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, रिवोल्युशनरी सोशलिस्ट पार्टी और आरएलडी के नेताओं के भाग लेने की संभावना है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी का इस डिनर पार्टी में शामिल नहीं होना बीजेपी के खिलाफ व्यापक मोर्चे की बैठक के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि टीएमसी की ओर से डेरेक ओ ब्रायन और सुदीप बंधोपाध्याय मौजूद रहेंगे। इससे पहले भी ममता बनर्जी भी बीजेपी के खिलाफ एकजुटता की मुहिम चला चुकी हैं। इसके लिए उन्होंने टीआरएस से भी अपील की थी। ऐसे में देखना अहम होगा कि सोनिया की डिनर डिप्लोमैसी कितना रंग दिखा पाती है।

सीलिंग पर सीएम केजरीवाल की सर्वदलीय बैठक आज

नई दिल्ली (**आरएनएस**)। सीलिंग के मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है, हालांकि बीजेपी ने इसके बहिष्कार का ऐलान किया है। सीलिंग के मसले का समाधान निकालने के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल की सर्वदलीय बैठक के न्योते को बीजेपी ने ठुकरा दिया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी राजकीय यात्रा पर राष्ट्रपति के साथ विदेश गए हुए हैं। ऐसे में यह तो साफ था कि वह इस मीटिंग में नहीं जा सकेंगे। माना जा रहा था कि उनकी गैरमौजूदगी में पार्टी का कोई अन्य प्रतिनिधि इस मीटिंग में जा सकता है, लेकिन सोमवार रात बीजेपी के प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने सर्वदलीय बैठक के न्योते की केजरीवाल की चिट्ठी का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया कि बीजेपी इस मीटिंग में हिस्सा नहीं लेगी। चहल ने केजरीवाल को याद दिलाते हुए लिखा कि 30 जनवरी को जब बीजेपी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मनोज तिवारी के नेतृत्व में सीलिंग के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनके घर गया था, तब उन लोगों के साथ जिस तरह का दुर्व्यवहार किया गया था, उससे साफ हो गया कि केजरीवाल राजनीतिक संवाद में विश्वास नहीं रखते। यहां हाहाकर मचा है और प्रदेश अध्यक्ष विदेशों में घूम रहे हैं आम आदमी पार्टी ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी की विदेश यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा है कि एक तरफ तो दिल्ली में सीलिंग से हाहाकार मचा हुआ है, वहीं जिस बीजेपी को इस समस्या का समाधान निकालना है, उसके प्रदेश अध्यक्ष विदेश यात्रा पर हैं। डेप्युटी सीएम सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि सीलिंग से दुखी लाखों व्यापारियों की रोजी-रोटी बंद हो रही है, लेकिन जिस बीजेपी को इसका समाधान निकालना है उसके अध्यक्ष विदेशों में घूम रहे हैं।

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400